तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 चिलचिलाती धूप और अलसुबह ठंडक मानसून की विदाई...



12 आंगनबाड़ी में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम



आवश्यकता है

दवाई दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है।

3 पद

साक्षात्कार का समय मंगलवार 12 से 2 बजे तक रहेगा। (वेतन योग्यतानुसार)

लक्ष्मी मेडिकल हॉल

स्टेट बैंक के सामने रायपुर रोड-महासमुंद

7278994000

7566794444

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

मास्टर कूपन

05 अक्टूबर 2026

कूपन नं.

7

आग लगने के दो मामलों में एक ट्रेलर और दो ट्रक खाक, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एनएच-53 पर पिथौरा थाना क्षेत्र के

- महासमुंद, बागबाहरा और सरायपाली से फायर ब्रिगेड वाहनों को बुलाया गया

लाखागढ़ के पास बीती रात भीषण आग लगने से दो ट्रक जल गए। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। पिथौरा थाना प्रभारी के अनुसार, एक ट्रक में चावल लदा हुआ था और खराब होने के कारण उसे एनएच-53 पर लाखागढ़ के पास सड़क



किनारे खड़ा किया गया था। इसी दौरान पिथौरा से सरायपाली की ओर जा रहे दोना-पत्तल से लदा दूसरा ट्रक खराब ट्रक के पास पहुंचा तो उसके इंजन में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पास में खड़े चावल लदे ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने के कारण दोनों ट्रक जलने लगे। स्थिति को भांपकर दूसरे ट्रक के चालक ने वाहन से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए महासमुंद, बागबाहरा और सरायपाली से फायर ब्रिगेड वाहनों को बुलाया गया, इसके बाद आग पर काबू पाया गया।

तुमगांव में ट्रेलर में लगी आग

आग लगने के दूसरे मामले में एनएच-53 पर ज्ञानी ढाबा के पास खड़े एक ट्रेलर के केबिन में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान ट्रेलर का चालक खाना खाने गया हुआ था, जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक एनएलओ 1 एबी 0769 लोहे का सामान लेकर नागपुर से कोलकाता जा रहा था। चालक ने एनएच-53 पर स्थित ज्ञानी ढाबा के पास ट्रेलर खड़ा किया और खाना खाने के लिए ढाबे में चला गया। इसी दौरान ट्रेलर के केबिन से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। घटना की सूचना मिलने पर महासमुंद से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



योजना: जिले में लक्ष्य के पार निकला ऋण वितरण, 500 लक्ष्य था, वितरित हुए 504 करोड़

कृषि ऋण वितरण को लेकर नया रिकॉर्ड आंकड़ा पहली बार 500 करोड़ के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दो साल ऋण वितरण में पिछड़ने के बाद इस बार

- इस वर्ष जिले के 84 हजार 652 किसानों ने लिए खाद, बीज, दवा और कीटनाशक के लिए ऋण

खरीफ सीजन के लिए निर्धारित आंकड़े को पार करते हुए सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को 504 करोड़ रुपए का ऋण वितरण हुआ है। बता दें कि खरीफ सीजन 2026-27 के लिए कुल 500 करोड़ के ऋण वितरण का लक्ष्य तय किया गया था। यह पहला अवसर है जब खरीफ सीजन के लिए कृषि ऋण वितरण का आंकड़ा 500 करोड़ रुपए के पार हुआ है।

इस वर्ष जिले के 84 हजार 652 किसानों ने खाद, बीज, दवा और कीटनाशक जैसी कृषि जरूरतों के लिए ऋण लिया। दो साल तक लक्ष्य से पीछे रहने के बाद इस बार लक्ष्य पार होना जिले



पिथौरा के किसानों ने सबसे ज्यादा उठाया कर्ज

ऋण वितरण में पिथौरा समिति सबसे आगे रही। यहां के 16 हजार 94 किसानों को 109 करोड़ 84 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया। इसके बाद बागबाहरा समिति का नंबर रहा, जहां 20 हजार 805 किसानों ने 108 करोड़ 54 लाख रुपए का ऋण लिया। अन्य समितियों में महासमुंद के 16 हजार 7 किसानों को 93 करोड़ 27 लाख, बसना के 15 हजार 895 किसानों को 97 करोड़ 45 लाख और सरायपाली के 14 हजार 951 किसानों को 94 करोड़ 95 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया।

दो साल लक्ष्य से पीछे इस बार रिकॉर्ड

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो वर्षों में कृषि ऋण वितरण लक्ष्य से पीछे रहा था। वर्ष 2024-25 में 500 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 424 करोड़ रुपए का ही ऋण बांटा गया था। वहीं 2025-26 में 434 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 414 करोड़ रुपए का वितरण हुआ। इस बार 504 करोड़ रुपए का वितरण कर न केवल निर्धारित लक्ष्य पूरा किया गया, बल्कि पिछले वर्षों के आंकड़ों को भी पीछे छोड़ दिया गया।

में कृषि गतिविधियों में आई तेजी का संकेत माना जा रहा है। वहीं ऋण लेने वाले किसानों की संख्या में भी पिछले साल की तुलना में करीब 2 हजार की वृद्धि हुई है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा के अनुसार, खरीफ ऋण वितरण की प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी कर ली गई है। अब रबी सीजन के लिए किसानों को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

1.62 लाख किसान पंजीकृत, आधे से ज्यादा ने लिया ऋण

जिले में धान की खेती के लिए करीब 1 लाख 62 हजार किसान पंजीकृत हैं। इनमें बड़ी संख्या में किसान शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर मिलने वाले अल्पकालीन कृषि ऋण का लाभ ले रहे हैं। कृषि इनपुट की बढ़ती लागत के बीच किसानों के लिए यह ऋण खरीफ फसल की तैयारी में महत्वपूर्ण सहारा बना है।

रबी के लिए भी शुरू हुआ ऋण वितरण

खरीफ सीजन के लिए ऋण वितरण की अंतिम तिथि 30 सितंबर थी। इसके बाद 1 अक्टूबर से रबी सीजन के लिए ऋण वितरण शुरू कर दिया गया है। यह प्रक्रिया 15 मार्च तक चलेगी। रबी फसल के लिए किसान गेहूं, चना, सरसों सहित विभिन्न दलहन और तिलहन फसलों की खेती के लिए सहकारी बैंक से रियायती दर पर ऋण ले सकेंगे।

52 करोड़ के ऋण में 45 करोड़ की वसूली

रबी सीजन के लिए पूर्व में वितरित किए गए 52 करोड़ रुपए के ऋण में से 45 करोड़ रुपए की वसूली अब तक हो चुकी है। यह कुल राशि का करीब 86 प्रतिशत है। बैंक प्रबंधन ने शेष राशि जमा नहीं करने वाले किसानों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

गिरफ्तारी का भय दिखाकर रकम वसूली की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गिरफ्तारी का भय दिखाकर पुलिस की पहचान का दुरुपयोग कर आम लोगों को डराने और ऑनलाइन रकम ऐंठने की कोशिश किए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें एक महिला और उसके बेटे को कथित पुलिसकर्मी ने फोन कर 10 हजार रुपए की मांग की। रकम नहीं देने पर दोनों को जेल भेजने की धमकी भी दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार, 1 अक्टूबर को ग्राम साराडीह में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। मामला सिटी कोतवाली पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। इसी बीच टिकेश्वर चेलक के मोबाइल पर 9794644859 नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को सिटी कोतवाली का पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों पर समान धाराएं लगी हैं और दोनों को जेल भेजना पड़ेगा। आरोप है कि फोन करने वाले ने दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई कराने और टिकेश्वर को राहत दिलाने के एवज में 10 हजार रुपए ऑनलाइन भेजने की मांग की। रकम नहीं देने पर मां-बेटे को जेल भेजने की धमकी दी गई। बेटे से जानकारी मिलने पर उसकी मां ने उक्त नंबर पर संपर्क किया। मोबाइल नंबर ट्रूकॉलर पर एसआई अभिषेक शर्मा के नाम से प्रदर्शित हो रहा था, जबकि व्हाट्सएप पर पुलिसकर्मी की तस्वीर लगी हुई थी। बातचीत के दौरान कथित पुलिसकर्मी ने महिला से नाम और कामकाज की जानकारी लेते हुए दोबारा रकम की मांग की।

महिला ने पहले रकम देने की सहमति जताई, लेकिन संदेह होने पर बातचीत रिकॉर्ड कर ली और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत करने की बात कहकर फोन काट दिया। बाद में परिचितों से चर्चा करने पर पता चला कि सिटी कोतवाली में इस नाम का कोई पुलिसकर्मी नहीं है और न ही थाने से इस तरह का फोन किया गया था। महिला ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी है।

खबर संक्षेप

शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद। बसना पुलिस ने शराब बेच रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लोहड़ीपुर का गनपत यादव ग्राम उडेला दर्रीडबरी के पास में अवैध शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम गनपत यादव पिता स्व जलसिंह यादव (45 वर्ष) लोहडीपुर चौकी भंवरपुर होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मोंगरा में सोलर प्लांट से 35 हजार रुपए का केबल वायर चोरी

महासमुंद। ग्राम मोंगरा के एक राइस मिल लगे सोलर प्लांट से करीब 35 हजार रुपए के केबल वायर चोरी होने के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम मोंगरा स्थित नाकोडा राईस इंडस्ट्रीज के संचालक मनन पींचा 240 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाया था। दिनांक 29/09/2026 को रात्रि 08 बजे तक सोलर प्लांट चालू था और दिनांक 30/09/2026 को सुबह 07 बजे उसने जाकर देखा तो सोलर प्लांट का केबल वायर करीबन 600 मीटर कटा हुआ था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा राइस मिल परिसर के फेंसिंग घेरा को काटकर सोलर प्लांट में लगे केबल वायर करीब 600 मीटर कीमत करीबन 35000 रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किय गया है।

गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

महासमुंद। ग्राम लाफिन खुर्द में मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लाफिन खुर्द के थनेश्वर ध्रुव ने बताया कि 03 सितंबर की शाम लगभग 05 बजे व शंकर साहू के ठेला के पास चंपू साहू व लखन साहू के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय मंगल दास व अन्य लोग गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें उन लोगों ने मना किया। तब आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के बड़े भाई सुरेश कुमार ध्रुव के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 15(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

भाजपा के डबल इंजन सरकार में खल्लारी विधानसभा को मिली बड़ी सौगातः अलका

महासमुंद/बागबाहरा। भाजपा की डबल इंजन की सरकार खल्लारी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मूलभूत समस्या का निराकरण क्रमशः धीरे-धीरे होते जा रहे हैं। स्थानीय विधायक पर भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत कार्यों का झूठा श्रेय और वाहवाही लेने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधानसभा प्रत्याशी 2023 एवं स्वतंत्र निदेशक इस्पात मंत्रालय अल्का ने कहा कि जब गत 5 वर्ष कांग्रेस की सरकार रही तब वे कुंभकर्णी नींद में सोए हुए थे। वर्तमान में भुरकोनी से खाड़ादरहा मार्ग निर्माण कार्य हेतु 19 करोड़ 58 लाख रुपए, आंवराडबरी से खुसरी पाली मार्ग हेतु 13 करोड़ 38 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बहुप्रतीक्षित बिहाझर गाजर रेवा मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निविदा खुल गया है जो अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ होने वाला है। तीन सड़क निर्माण कार्य 1396 लाख रुपए के कार्य प्रगति पर है। तीन सड़क निर्माण कार्य 8364 लाख रुपए के कार्य निविदा में है। भवन निर्माण कार्य के आठ कार्य 2104 लाख रुपए जिसमें कॉलेज भवन, हॉस्टल भवन, हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य चल रहे हैं। छोटे-छोटे संधारण कार्य मरम्मत कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री जन मन योजना, मुख्यमंत्री सड़क योजना से खल्लारी विधानसभा में कई करोड़ के कार्य वर्तमान सत्र में पूर्ण हो चुके हैं। अब कुछ कार्य प्रगति पर हैं। आज खल्लारी विधानसभा में नई धान खरीदी केंद्र खुले हैं। इस प्रकार चाहे सड़क हो चाहे भवन हो चाहे चाहे स्कूल भवन हो सभी प्रकार के कार्य खल्लारी विधानसभा में चल रहे हैं, जिससे खल्लारी की जनता बहुत खुश है। क्षेत्रवासी की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव, पंचायत मंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया है।



सांसद के प्रयासों से 33 करोड़ रुपए के सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्यों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

महासमुंद। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी के प्रयासों के फलस्वरूप खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दो प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्यों के लिए 32.96 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। आवराडबरी-कोमा-कोल्दा–खुसरुपाली मार्ग के किलोमीटर 7 से 14 तक (कुल 8.00 किमी) सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 338.28 लाख रुपए की विधिवत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार भुरकोनी–खड़ादरहा मार्ग के 10.25 किमी हिस्से के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 1958.15 लाख रुपये की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आवागमन को नई गति मिलेगी। इन दोनों प्रमुख मार्गों के कायाकल्प से खल्लारी क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर और सुगम सड़क नेटवर्क मिलने से किसानों को अपनी उपज मण्डियों तक पहुँचाने में सहूलियत होगी, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच त्वरित होगी और छात्रों का स्कूल-कॉलेज आना-जाना सुरक्षित व आसान बनेगा। साथ ही, क्षेत्रीय व्यापार और रोजगार के नए अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस उपलब्धि पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री/लोनिवि मंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है। सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 'डबल इंजन' सरकार सुशासन और अन्त्योदय के संकल्प के साथ ग्रामीण अधोसंरचना को प्राथमिकता पर रखकर चहुँमुखी विकास कर रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि खल्लारी क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांगों को शासन स्तर पर प्रमुखता से स्वीकृति दिलाई है।



अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक क्षतिग्रस्त, एक व्यक्ति को आई चोट

महासमुंद। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और पास में खड़े एक व्यक्ति को चोट आई। पिथौरा पुलिस को विकास कुंटे पीरेवाड़ी अहमदनगर महाराष्ट्र ने बताया कि उसका बड़ा भाई मल्हारी कुंटे अपने ट्रक क्रमांक एमएच 16 सीसी 2754 से संबलपुर ओडिशा से रायपुर आ रहा था। ग्राम सिंघुपाली एनएच 53 रोड में वाहन खराब हो गया, जिसे पीछे से अज्ञात वाहन चालक द्वारा ने ठकर मार दिया। घटना में वाहन को चेक कर रहे उसके भाई को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) के तहत अपराध दर्ज किया गया है

कनेक्शन कटने के बाद भी जला रहे थे बिजली

बिजली काटी तो फिर जोड़ने के 48 मामले


हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में बिजली बकायादारों और

- जांच दलों ने किए पंचनामा एवं आवश्यक दस्तावेज तैयार

पूर्व में विच्छेदित किए गए स्मार्ट व नॉन-स्मार्ट मीटर कनेक्शनों की जांच के लिए विद्युत विभाग ने सघन अभियान चलाया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 21 जांच दलों ने कार्रवाई करते हुए कनेक्शन कटने के बाद बिना भुगतान और बिना विभागीय अनुमति के दोबारा बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ 48 प्रकरण दर्ज किए हैं।

जांच के दौरान कई परिसरों में



पाया गया कि बकाया राशि के कारण विद्युत कनेक्शन काटे जाने के बावजूद उपभोक्ताओं ने विभाग से विधिवत पुनः संयोजन लिए बिना स्वयं लाइन जोड़कर बिजली का उपयोग शुरू कर दिया था। जांच दलों ने मौके पर पंचनामा एवं आवश्यक दस्तावेज तैयार करते हुए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई शुरू की है। विद्युत विभाग के अनुसार चिन्हित प्रकरणों में अनधिकृत रूप से बिजली उपयोग की अवधि का नियमानुसार बिलांकन कर बकाया एवं अन्य देय राशि की वसूली की जाएगी।

साथ ही जांच प्रतिवेदन और पंचनामा सहित आवश्यक दस्तावेज संबंधित थाने एवं सक्षम विशेष न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बकाया राशि के कारण कनेक्शन विच्छेदित होने पर स्वयं लाइन न जोड़ें। बकाया भुगतान के बाद विभाग से विधिवत पुनः संयोजन प्राप्त करें। विभाग ने बताया कि विच्छेदन के बाद पुनः जांच अभियान आगामी सप्ताहों में जारी रहेगा और 31 मार्च तक सघन रूप से कार्रवाई की जाएगी।

बाघामुड़ा के दुकान से 47 हजार से ज्यादा की चोरी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बाघामुड़ा के दुकान में हुई चोरी के मामले में कोमाखान थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस को अशोक देवांगन पिता धनसिंग देवांगन (40 वर्ष) ग्राम बाघामुड़ा ने बताया कि उसकी किराना एवं मुर्गी-अंडा बेचने का दुकान बाघामुडा चौक, बांसकांटा-देवरी मार्ग में है। 01 अक्टूबर की सुबह लगभग 7 बजे दुकान पहुंचने पर उसने देखा कि शटर टूटा हुआ था, दुकान से सामान से भरा हुआ एक फ्रिज कीमत, 1 नग इंडेन गैस सिलेंडर कीमत लगभग रु.2,000, 10 कैरेट अंडा कीमत लगभग 3,000 रुपए, 01 नग कढ़ाही, 01 नग तवा, 01 नग गैस चूल्हा कीमत लगभग 2,500 रुपए, 1 नग इलेक्ट्रानिक तौल कीमत लगभग 3,200 रुपए, 1 बोरी आलू व 1 बोरी प्याज कीमत लगभग 3,000, पोपट, बिस्किट, चाकलेट कीमत लगभग 4,000 रुपए एवं नगद 5,000 रुपए कुल 47,700 रुपए की चोरी हुई है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

घर में शराब का अवैध निर्माण, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद। घर में शराब का अवैध रूप से निर्माण कर रहे एक व्यक्ति के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब और निर्माण सामग्री बरामद किया गया है। पटेवा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम चिरको में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से हाथ भट्ठी महुआ शराब निर्माण कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की जिसने अपना नाम रामानंद पटेल पिता ध्रुव कुमार पटेल (44 वर्ष) निवासी ग्राम चिरको होना बताया। घर की तलाशी लेने पर कमरे के अंदर 25 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए और दो नग महुआ शराब बनाने की एल्युमीनियम गंज कीमत करीबन 1200 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप

तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रहा मेहनत का अतिरिक्त आर्थिक लाभ

महासमुंद। वनवासी अंचलों में रहने वाले परिवारों की मेहनत को सम्मान और उनकी आजीविका को मजबूत आधार देना जनकल्याणकारी शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा में जनसेवा, अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुंच और नागरिक-केंद्रित विकास की भावना को प्रमुखता मिली है। इसी सेवा भावना को राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वनवासी परिवारों की आजीविका और कल्याण से जुड़े प्रयासों के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण के एवज में पारिश्रमिक के साथ-साथ प्रोत्साहन राशि तथा महिला सदस्यों के लिए चरणपादुका वितरण जैसी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। इससे वनवासी परिवारों की आय को सहारा मिलने के साथ उनके जीवन में सुविधा और सम्मान भी जुड़ रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 में जिले में 786 फड़ों से 81 हजार 539 संग्राहक परिवारों के माध्यम से कुल 75 हजार 499 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया। सभी संग्राहक परिवारों को 41 करोड़ 52 लाख 44 हजार 582 रुपए की संपूर्ण राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में किया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2023 के अंतर्गत पात्र संग्राहक परिवारों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) का लाभ भी दिया गया। इसके तहत 76 हजार 650 संग्राहक परिवारों के लिए कुल 12 करोड़ 40 लाख 95 हजार 896 की राशि वितरण योग्य थी। 30 सितंबर 2026 की स्थिति में बोनस की राशि का भी शत-प्रतिशत भुगतान पूर्ण कर लिया गया है, जिससे तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े परिवारों को उनकी मेहनत का अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ।

गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं स्वच्छता अभियान

महासमुंद। शासकीय आशीबाई गोलछा उमावि में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रधान पाठक ने कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। पश्चात शिक्षिका एवं गाइड प्रभारी लता वैष्णव ने प्रातः स्मरण, सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना प्रस्तुत की। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम तथा जय बोलो सत धर्मों की, जय बोलो सत्कर्मों की का सामूहिक गायन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्श जीवन, उच्च चरित्र, सादगी, राष्ट्रभक्ति तथा देश के प्रति उनके त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला। शिक्षिका आबिदा खान, तृप्ति साहू एवं मंजू साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दोनों महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके आदर्शों को अपने व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की तथा सदैव स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

भाजपा शहर मंडल की मासिक बैठक में सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों पर हुई चर्चा

सेवा ज्योति यात्रा को लेकर भाजपा शहर मंडल की हुई बैठक, कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भाजपा शहर मंडल की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष येतराम साहू एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित सेवा ज्योति यात्रा एवं सेवा संकल्प कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पार्षदों, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने वार्डों से कम से कम 25 से 30 लोगों को लेकर आने की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही यात्रा को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों को दायित्व दिए गए।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष पवन पटेल, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा एवं मीना वर्मा, शिक्षा प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी एमआर विश्वनाथन, मंडल उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष हिमांशु चंद्राकर, मंडल मंत्री पीयूष साहू, लक्ष्मी साहू, पार्षद शुभ्रा शर्मा, भारती चंद्राकर, माधुरी यदु, एल्डरमैन प्रभा साहू, लाल विजय सिंह, देव मधु यादव, मोर्चा अध्यक्ष नारायण साहू, यूनुस रजवानी, समसू खान शक्ति केंद्र प्रभारी रमेश साहू, सुरेखा कंवर, दुर्गा साहू, सोना घर सोनवानी आकाश पांडे, हरीश देवांगन, धनीराम यादव, अभिषेक डेनियल एवं दशरथ अजगले सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर कुष्ठ जागरुकता सप्ताह की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जिले में 02 से 08 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ यूपीएचसी महासमुंद में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने महात्मा गांधी के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर कुष्ठ रोग से प्रभावित हितग्राहियों को एमसीआर (माइक्रो सेलुलर रबर) चप्पल वितरित की गई। एमसीआर चप्पल पैरों को चोट एवं दबाव से बचाने में सहायक होती हैं। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि कुष्ठ रोग को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों और झिझक को दूर करना जरूरी है। समय पर पहचान और नियमित उपचार से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि संदिग्ध लक्षण दिखाई देने पर बिना संकोच स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं और समाज में जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में जिला नोडल कुष्ठ कार्यक्रम डॉ. वीपी सिंह, बीएमओ तुमगांव डॉ. विकास चंद्राकर, डीपीएम नीलू धृतलहरे, जिला मीडिया अधिकारी हरिशंकर साहू, जिला सलाहकार एकेश्वर शुक्ला एवं सुपरवाइजर दीपक तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बीटीआई रोड निर्माण कार्य में तेजी लाने विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शहर के बीटीआई रोड में जारी निर्माण कार्य के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रोजेक्ट की प्रगति और अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर काम करने और निर्माण को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा किया जाना चाहिए।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए। जहां निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कार्य की गति बढ़ाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न हो। निर्माण में निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान आम लोगों की सुविधा और यातायात व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। आगे कहा कि सड़कें क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधा का महत्वपूर्ण आधार हैं। बेहतर सड़क व्यवस्था से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम होने के साथ ही व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होती है। इसलिए सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना आवश्यक है।

गौरव पथ के तहत विभिन्न कार्य प्रगति पर

बता दें कि शहर के बीटीआई रोड में गौरव पथ निर्माण के तहत करीब 18.29 करोड़ रुपए की लागत से 2.3 किलोमीटर लंबी सड़क के साथ डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण से पहले पेड़ कटाई, बिजली के पोल शिफ्टिंग, पाइपलाइन और चेंबर से जुड़े जरूरी काम भी किए जा रहे हैं। सड़क निर्माण के लिए जरूरी पेड़ कटाई की राशि, सड़क निर्माण के रास्ते में आने वाले बिजली के पोल को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए राशि और रोड निर्माण के दौरान पाइपलाइन और चैंबर से जुड़े कार्य के लिए भी संबंधित विभागों को राशि दी जा चुकी है।

कोमाखान में नवनिर्मित तहसील भवन का लोकार्पण क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक सौगात, ग्रामीणों में हर्ष : बसंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

जिले के कोमाखान क्षेत्र के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में जुड़ गया है। क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही चिरप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए यहां नवनिर्मित अत्याधुनिक तहसील भवन का भव्य लोकार्पण संपन्न होने जा रहा है। सौगात मिलने से पूरे अंचल में खुशी की लहर दौड़ गई है और क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जिला पंचायत की महिला एवं बाल विकास विभाग की पूर्व सभापति बसंता ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले कोमाखान में तहसील कार्यालय बेहद सीमित संसाधनों और अस्थाई रूप से सरकारी भवन में संचालित हो रहा था। इसके कारण प्रशासनिक कामकाज के साथ-साथ आम जनता को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कोमाखान को तहसील



का दर्जा मिलने के बाद, आज यह कार्यालय अपने खुद के भव्य और पक्के भवन में संचालित होने जा रहा है। नवनिर्मित तहसील भवन के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को एक ही छत के नीचे तमाम आधुनिक और सुगम प्रशासनिक सुविधाएं मिलेंगी। अब राजस्व कार्यों, प्रमाणपत्रों और अन्य शासकीय कामों के लिए जनता को भटकना नहीं पड़ेगा, जिससे उनके समय और श्रम दोनों की बचत होगी।

पूर्व सीएम भूपेश और विधायक यादव के प्रति जताया आभार

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता और गर्व व्यक्त करते हुए बसंता ठाकुर ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति विशेष आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं की कर्मठता, दूरदर्शिता और निस्वार्थ कार्यशैली के परिणामस्वरूप ही आज कोमाखान क्षेत्र विकास की राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है और जनता को उसका हक मिल रहा है।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े शिक्षकों का हुआ कार्यशाला सह सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ, गायत्री शक्तिपीठ द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े शिक्षकों के लिए शिक्षक गरिमा कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेखराज शर्मा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, नंदकिशोर सिन्हा सहायक संचालक शिक्षा तथा बीएन गुप्ता, संरक्षक देव संस्कृति विद्यालय थे। अतिथियों द्वारा गायत्री माता की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में भगतराम साहू ने शिक्षा एवं विद्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्या हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। शिक्षकों को बच्चों को अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहित करने के साथ नैतिक शिक्षा एवं संस्कारों की जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को हतोत्साहित करने वाली बातें नहीं कहने का आह्वान किया तथा अनेक प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरित किया। गायत्री सेन ने विज्ञान एवं अध्यात्म विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान और अध्यात्म एक-दूसरे के पूरक हैं। अध्यात्म को विज्ञान की दृष्टि से तथा विज्ञान को अध्यात्म के समन्वय के साथ देखने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संबंध में जगदीश लाल साहू ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि परीक्षा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना के साथ बच्चों में संस्कृति एवं संस्कारों का विकास करना है।



चमन चंद्राकर, प्राचार्य ने गायत्री परिवार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा के सूत्र को अपनाकर विचार क्रांति के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। नरेंद्र नायक ब्लॉक समन्वयक ने नशामुक्ति अभियान की जानकारी देते हुए सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने इस दिशा में सहयोग के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि रेखराज शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से बच्चों के नवनिर्माण और उन्हें सही दिशा देने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। इसके माध्यम से बच्चे अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित होते हैं। सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी शिक्षकों एवं आयोजकों को धन्यवाद देते हुए आगामी सत्र में परीक्षा का विस्तार और अधिक विद्यालयों एवं विद्यार्थियों तक करने का आह्वान किया।

समारोह के अंत में मिशन से जुड़े 15 सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रमाणपत्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों को प्रमाणपत्र एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भारत साहू ने बताया कि इस वर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालयों एवं विद्यार्थियों, दोनों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो परीक्षा के प्रति शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समाज की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। कार्यक्रम का सचालन नरेश साहू जिला युवा समन्वयक एवं आभार प्रदर्शन ललित मेश्राम ने किया।

कार्यक्रम में आशीष साहू, परस चौहान, धनवंतरि सिन्हा, गजानंद चंद्राकर, जगमोहन साहू, डोमार साहू, हीरालाल साहू, दुलारी चंद्राकर, नीतू साहू, प्रेमलता साहू, साक्षी मेश्राम, गुड्डू, अमर साहू, धनीराम साहू, भूखन सहित कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

संकल्प सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण

संकल्प सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों का भाजपा पदाधिकारियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संकल्प

- आगामी 7 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे शंकराचार्य भवन में होगा कार्यक्रम



सेवा ज्योति यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। आगामी 7 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे शंकराचार्य भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष पवन पटेल, पार्षद पीयूष साहू, एल्डरमैन लाल विजय सिंह एवं आनंद साहू ने शंकराचार्य भवन पहुंचकर कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मंच, बैठक व्यवस्था, कार्यकर्ताओं एवं आमंत्रितजनों के आवागमन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित कार्यकर्ताओं से जानकारी ली गई। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि संकल्प सेवा ज्योति यात्रा को लेकर संगठन स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में जिलेभर से भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सहभागी होंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने बताया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मंडल स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने तथा कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

शांत्रीबाई कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन



महासमुंद। शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आशीर्वाद ब्लड सेंटर रायपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, युवाओं एवं समाज में रक्तदान के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करना। शिविर में महाविद्यालय शिक्षण उपसमिति के सभापति तारणी चंद्राकर, संचालक सदस्य निखिल चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक मेनका चंद्राकर, आकांक्षा सिंह, गायत्री चंद्राकर, नेहा साहू, विष्णु चंद्राकर एवं महाविद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर सभापति तारणी चंद्राकर ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचायक है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय एवं सामाजिक सेवा है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं युवाओं से रक्तदान के प्रति जागरूक होकर समाज में मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। आशीर्वाद ब्लड सेंटर की टीम के मैनेजर राजकुमार गुप्ता एवं उनकी टीम के प्रयोगशाला तकनीशियन निखिल सिन्हा, प्रियंका, यशोदा, कृष्ण कुमार, श्रेया द्वारा रक्तदान प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से कराया गया। आशीर्वाद ब्लड सेंटर की तरफ से विशेष उपहार के रुप में हेटमेट, स्मार्ट वाच एवं कालेज बैग रक्तदाताओं को प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। आभार व्यक्त बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर ने किया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रॉस प्रभारी, महाविद्यालय के स्टाफ नारायण चक्रधारी, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, अर्शिन श्लोमन, नरेंद्र तांडी, दामिनी साहू, हंसराज चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं सभी छात्र/छात्राओं का विशेष सहयोग प्राप्त रहा।

चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों को नहीं मिल रहा पेंशन, कार्रवाई नहीं होने से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 1 अक्टूबर को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में तहसील अध्यक्ष राम कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता की पूजा एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। गायत्री परिवार के आचार्य भगत राम साहू ने गायत्री मंत्र के साथ करते हुए सभी पेंशनरों के प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा समकालीन आध्यात्मिक तथ्यों का उल्लेख करते हुए 2 अक्टूबर को होने वाले गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। माह अक्टूबर में 29 सदस्यों को जन्मदिन पर उपस्थित सभी पेंशनरों ने उनके स्वथ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। संगठन के नए सदस्य क्रमशः अशोक कुमार साहू शिक्षा विभाग, टंकेश्वर गिरी गोस्वामी शिक्षा विभाग, भेखलाल साहू स्वास्थ्य विभाग तथा पदमराज ठाकुर जलसंसाधन विभाग एवं रामकिशन साहू पंचायत विभाग का संगठन अध्यक्ष रामकुमार साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष गोवर्धन साहू, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्री भूषण भोसले, चमनलाल साहू, आरके श्रीवास्तव, एलएन शर्मा, मीडिया प्रभारी-अश्वनी शर्मा, उदम सिंह रामगढ़िया, बोधन साहू, चोवाराम साहू, यशवंत साहू आदि द्वारा गुलाल लगाकर व श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के अगले कड़ी में वरिष्ठ सदस्य आरके श्रीवास्तव ने 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर सभी सेवानिवृत्त पेंशनरों को शुभकामनाएं देते हुए पेंशनरों से जुड़ी हुई अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के सभी



विधायकों के माध्यम से निराकरण हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने का सुझाव दिया। उदम सिंह रामगढ़िया ने सभी धर्मों के धार्मिक पर्वों का रोचक अंदाज में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वरिष्ठ सदस्य एलएन शर्मा ने अपने उद्बोधन में बैंकिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हाल ही में की गई आंदोलन का संदर्भ देते हुए पेंशनरों के एकजुटता पर बल दिया। पश्चात अश्वनी शर्मा द्वारा स्वरचित कविता का पाठ किया गया। अध्यक्ष रामकुमार साहू ने अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर देश एवं प्रदेश के समस्त पेंशनरों द्वारा 29 सितंबर 2026 को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित मांग पत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

पेंशन से वंचित है अनेक पेंशनर

बैठक में बताया कि पेंशन से वंचित चतुर्थ श्रेणी पेंशनर क्रमशः बिसौहा राम साहू, प्रहलाद यादव, माधोराम साहू, बाहराराम साहू, अशोक साहू, रमेशर साहू, छबिराम साहू, सुखवंतीन बाई ध्रुव, दुकालू राम साहू, हरिराम ढीमर, फुलमत साहू का प्रकरण संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के कारण पेंशन निर्धारण नहीं हुआ है। संगठन द्वारा पत्राचार उपरांत कार्रवाई नहीं किए जाने की स्थिति में संगठन को आगामी कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन/प्रशासन की होगी। बैठक का संचालन चिंताराम साहू एवं आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री चमन लाल साहू ने किया। बैठक में हेमलाल साहू, चोवा राम, बाहराराम, योधराम, गोकुलदास, शब्बीर अली, शिवकुमार, संजय तिवारी, एस.पी. तिवारी, सीआर साहू, विष्णु प्रसाद साहू, संतुराम, कोमनलाल चंद्राकर, धनश्याम भारद्वाज, कृपा राम साहू, राजेन्द्र सिंह परिहार, दुर्गेश चंद्राकर, एलके साहू, माधोराम, विष्णु साहू, बिसौहाराम, धर्मदास मार्कंडेय, रामनारायण वैष्णव, राधेश्याम चंद्राकर, भोजराज प्रधान, रामटहल निषाद आदि पेंशनरों ने भाग लिया।

खबर संक्षेप

सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ कल

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी स्थित रामजानकी मंदिर में 6 अक्टूबर मंगलवार को हनुमान मंदिर में शाम 4 बजे सामूहिक सुंदरकाण्ड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ हनुमान जी का अभिषेक का आयोजन रखा गया है। भक्तों द्वारा चोला चढ़ाया जाएगा। शाम 7 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक समिति ने धर्म संस्कृति कल्याण में सहभागी बनने की अपील की है। इस अवसर पर सनातन वैदिक धर्म समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित होंगे।

गढ़सिवनी स्कूल में गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता संदेश रैली एवं सेवा कार्य

महासमुंद। गांधी-शास्त्री जयंती पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय पदुमन सिंह उमावि गढ़सिवनी में एक दिन, एक साथ, एक घंटा स्वच्छता सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच खेमलता ध्रुव, अनेश्वरी निर्मलकर, पंच, मनोज साहू, मनहरण पुष्पाकर, हरिराम साहू, वीरेंद्र साहू, चन्द्रभूषण बगरिया सेवानिवृत्त सहायक संचालक, विद्यालय के प्राचार्य तुलेंद्र सागर के नेतृत्व में स्काउट-गाइड, जूनियर रेडक्रॉस, विद्यार्थी परिषद, उच्च प्राथमिक एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ग्राम गढ़सिवनी का भ्रमण कर स्वच्छता एवं जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। ग्राम रैली एवं सर्वधर्म प्रार्थना के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने घर, विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों की रैली को ग्रामीण जनों द्वारा पुष्प वर्षा एवं श्रीफल भेंट कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किए। इस रैली में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता सेवा में भाग लेकर श्रमदान किया तथा स्वच्छता को अपनी दैनिक जिम्मेदारी बनाने का संकल्प लिया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा आयोजित मेरे सपनों का विकसित भारत 2047 प्रतियोगिता में शासकीय पदुमन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिवनी की कक्षा 10वीं की छात्रा दामनी निषाद ने प्रथम तथा नियति सतनामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में वोमन लाल ठाकुर, रितेश जोशी, लक्ष्मी ठाकुर, ममता शर्मा, लुकेश आवले, योगेश आदि मौजूद रहे।

धर्म-कर्म: लंदन निवासी नीता बेन ने पितृ देवों की आत्मशांति के लिए कराया आयोजन, 7 तक चलेगी कथा

भंवरपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब, साध्वी राधिका किशोरी की भागवत कथा में जुट रहे श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

नवरात्रि के पूर्व पितृपक्ष में ग्राम भंवरपुर में

- पितृपक्ष पर ग्राम भंवरपुर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम





भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। ख्याति प्राप्त कथा वाचिका साध्वी राधिका किशोरी की श्रीमद्भागवत कथा में न केवल भंवरपुर और आसपास के गांवों से, बल्कि दूर-दराज के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि भंवरपुर मंडी प्रांगण में कथा के लिए निर्मित विशाल पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भर रहा है और परिसर के बाहर मेले जैसा माहौल नजर आ रहा है। पूर्वी छत्तीसगढ़ के बड़े हिस्से में साध्वी राधिका किशोरी के शिष्य और प्रशंसक बड़ी संख्या में हैं। यही कारण है कि कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पितृपक्ष का समय होने के कारण भी लोगों की श्रद्धा और आस्था कथा स्थल पर विशेष रूप से उमड़ रही है।

लंदन निवासी नीता बेन ने कराया आयोजन

भंवरपुर में चल रही इस भागवत कथा की खासियत यह है कि इसके मुख्य आयोजक सात समंदर पार लंदन, यूके की निवासी भारतवंशी नीता बेन हैं। मूलतः गुजरात की रहने वाली नीता बेन अब लंदन में निवास करती हैं। उन्होंने अपने पितृ देवों की आत्मशांति एवं उनके प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप भारत भूमि पर इस धार्मिक आयोजन का संकल्प लिया और भंवरपुर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया। कथा में स्थानीय निवासी नरेंद्र बारिक सपत्नीक मुख्य यजमान बने हैं, जबकि ग्रामवासियों ने आयोजन की समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाल रखी है।

कल्पवृक्ष का पका हुआ फल है श्रीमद्भागवत

व्यासपीठ से साध्वी राधिका किशोरी ने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कल्पवृक्ष का पूर्ण रूप से पका हुआ फल है। यह अमृत के समान मधुर और रसपूर्ण है। कथा रसिक व्यक्ति इसे बार-बार सुनता है, फिर भी उसकी प्यास नहीं बुझती। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ऐसी अमृतधारा है, जिसमें जितना डूबते जाएंगे, उतना ही भक्ति और ज्ञान का अनुभव गहरा होता जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान की प्राप्ति ज्ञानियों के लिए कठिन हो सकती है, लेकिन प्रेमियों के लिए सहज है। भगवान को पाने के लिए निष्कपट प्रेम और भक्ति आवश्यक है। उन्होंने माया को नर्तकी बताते हुए कहा कि माया मनुष्य को अपने इशारे पर नचाती है। इसलिए नर्तकी का उल्टा कीर्तन है। मनुष्य को कीर्तन और प्रभु भक्ति के माध्यम से माया को अपने ऊपर हावी होने से रोकना चाहिए तथा ईश्वर की शरण में जाना चाहिए।

भागवत महात्म्य से मिलता है भक्ति और जीवन का संदेश

भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए साध्वी राधिका किशोरी ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक ग्रंथ है। इसके श्रवण से मन में वैराग्य, भक्ति और ज्ञान का उदय होता है। भागवत कथा मनुष्य को सांसारिक मोह-माया के बीच रहते हुए भी परमात्मा से जुड़ने का मार्ग बताती है। उन्होंने कहा कि पितरों की शांति, परिवार में सुख-शांति और आत्मिक उन्नति के लिए श्रद्धा और भक्ति से किए गए धार्मिक कार्यों का विशेष महत्व है। कथा के दौरान भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप का प्रसंग सुनाते हुए साध्वी राधिका किशोरी ने कहा कि भक्त प्रह्लाद की भक्ति इस बात का प्रमाण है कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के सामने संसार की कोई शक्ति टिक नहीं सकती। हिरण्यकश्यप स्वयं को सर्वशक्तिमान मानता था और चाहता था कि सभी लोग उसकी पूजा करें, लेकिन उसके पुत्र प्रह्लाद ने भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को भक्ति से विमुख करने के लिए अनेक प्रकार की यातनाएं दीं। उन्हें पहाड़ से गिराया गया, विष दिया गया और अग्नि में बैठाने का प्रयास किया गया, लेकिन हर परिस्थिति में भगवान ने अपने भक्त की रक्षा की। होलिका दहन का प्रसंग भी इसी से जुड़ा है, जिसमें भगवान की भक्ति के सामने अधर्म और अहंकार का अंत हुआ। उन्होंने कहा कि जब हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद से पूछा कि उसका भगवान कहां है, तब प्रह्लाद ने उत्तर दिया कि भगवान कण-कण में विद्यमान हैं। इसी विश्वास को सत्य सिद्ध करते हुए भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया। कथा के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि अहंकार और अत्याचार चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य, धर्म और भक्ति की ही विजय होती है। ग्राम भंवरपुर में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन 7 अक्टूबर तक चलेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण करने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

धान खरीदी की तैयारी और निगरानी समिति के विस्तार को लेकर किसान कांग्रेस की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



आगामी धान खरीदी सीजन की तैयारियों एवं जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समितियों के विस्तार को लेकर महासमुंद जिला किसान कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक पिथौरा रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश किसान कांग्रेस के संभाग प्रभारी दीपक पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सभी धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समिति के गठन एवं विस्तार, किसानों की समस्याओं पर नजर रखने तथा खरीदी के दौरान आने वाली परेशानियों के त्वरित निराकरण को लेकर कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा धान खरीदी के दौरान केंद्रों में नियमित निगरानी रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान, दिलीप जैन, केशव चौधरी, परमानंद साहू, नवदीप चंद्राकर, रोहित साहू, मन्नू जांगड़े, मनोज जांगड़े, पीयूष चंद्राकर, भरत साहू, लेखराम साहू सहित किसान कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस शंकर पटेल, डिगेश्वर सत्यम, अंजोर सिंह ठाकुर, थलेश चंद्राकर, केशव साव, वीरेंद्र प्रधान, दिनेश कालसा, विश्वनाथ नायक, दिलीप साहू, फार्म पटेल, भगत पटेल, राजेश सिन्हा, अक्षय कुमार, मुन्ना जांगड़े, भागीरथी ठाकुर, पुरुषोत्तम साहू, सुंदरमनी साव एवं मनोज ढीढी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानिक साहू ने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की समस्याओं को लेकर सजग है और धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी खरीदी केंद्रों में निगरानी समिति को सक्रिय किया जाएगा।

जिले के नाम स्वर्णिम उपलब्धि, गुरदीप स्ट्रांगमैन बने, आभा ने जीता बेस्ट लिफ्टर का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई में किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के बागबाहरा नगर के प्रतिभावान खिलाड़ियों गुरदीप सिंह छाबड़ा एवं आभा चंद्राकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से पहुंचे खिलाड़ियों के बीच गुरदीप सिंह छाबड़ा और आभा चंद्राकर ने अपनी उत्कृष्ट शक्ति, तकनीक और शानदार प्रदर्शन का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गुरदीप सिंह छाबड़ा ने दमदार प्रदर्शन के साथ स्ट्रांग मैन का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया, वहीं आभा चंद्राकर ने बेस्ट लिफ्टर का खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से बागबाहरा नगर सहित पूरे महासमुंद जिले में हर्ष और गर्व का माहौल है। गुरदीप सिंह छाबड़ा एवं आभा चंद्राकर जब भी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने मैदान में उतरते हैं, अपनी मेहनत और शानदार प्रदर्शन से प्रदेश में अपनी अलग पहचान कायम करते हैं। लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए दोनों खिलाड़ियों ने यह साबित किया है कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के दम पर बागबाहरा की प्रतिभाएं प्रदेश के पावरलिफ्टिंग मंच पर अपना दबदबा कायम कर सकती हैं। इस शानदार सफलता का श्रेय दोनों खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास, समर्पण एवं माता पिता को जाता है। अपनी उपलब्धि के माध्यम से दोनों ने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया, बल्कि बागबाहरा नगर और महासमुंद जिले का मान भी पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ाया है। गुरदीप सिंह छाबड़ा और आभा चंद्राकर की इस उपलब्धि पर खेलप्रेमियों, परिजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया है। खिलाड़ियों की इस सफलता से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में भी खेल के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है।

आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल में नवनिर्वाचित मुतवल्ली हाजी अब्दुल एवं शहनाज का सम्मान

सरायपाली। आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल रोहिना द्वारा सुन्नी मुस्लिम जमात के नवनिर्वाचित मुतवल्ली हाजी अब्दुल नईम लखानी एवं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली एवं महासमुंद जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शहनाज परवीन पिता फिरोज खान का विशेष सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर सुन्नी मुस्लिम जमात सरायपाली के मुतवल्ली हाजी अब्दुल नईम लखानी ने आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल के कार्यों की सराहना करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार आधारित शिक्षण और विद्यालयों में बेहतर वातावरण तैयार करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। साथ ही विद्यालयों के प्रयासों से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा लेने की उम्मीद जताई। समारोह ने शिक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहन देने के साथ विद्यालयों में सकारात्मक बदलाव की दिशा में नई ऊर्जा देने का काम भी किया। वहीं होनहार बेटी शहनाज परवीन को सम्मानित कर उसके हौसले को बढ़ाया गया। इस दौरान शहनाज परवीन ने बताया कि, उनके पास न तो महंगे कोचिंग संसाधन थे और न ही पढ़ाई के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं. लेकिन उन्होंने कभी इन चीजों को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। दिन-रात की मेहनत, आत्मविश्वास और परिवार का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रही। उन्होंने बताया कि अपने समय का बेहतर उपयोग कर हर विषय को गंभीरता से पढ़ा। उनका सपना एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना है। वे डाक्टर बनकर गरीब असहाय लोगों की सेवा करना चाहती हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या पालकगण मौजूद रहे।



वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च: कल महासमुंद में जुटेगा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' (02 से 08 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत आगामी 06 अक्टूबर 2026 (मंगलवार) को जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा भव्य ₹वोट बचाओ-देश बचाओ₹ मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिलेभर के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से इस ऐतिहासिक मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की पुरजोर अपील की है। कार्यक्रम का शुभारंभ 06 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन महासमुंद में होगा। पश्चात कांग्रेस भवन से विशाल जन-मार्च का प्रारंभ होगी। गांधी चौक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, अंबेडकर चौक



पहुंचकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। अंबेडकर चौक पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार उपस्थित सभी जन राष्ट्रगान गाएंगे तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद-326 (सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की गारंटी) का सार्वजनिक रूप से वाचन करेंगे। पश्चात प्रदर्शन का समापन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतला दहन के साथ होगा।

जिलाध्यक्ष एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव की अपीलः

देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए 'वोट बचाओ-देश बचाओ' आंदोलन अति महत्वपूर्ण है। महासमुंद जिले के प्रत्येक कांग्रेस साथी, ब्लॉक, नगर, पंचायत व मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों तथा नागरिक से अपील की गई है कि आगामी 06 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन महासमुंद पहुंचकर इस न्याय की लड़ाई में अपनी मजबूत सहभागिता दर्ज कराएं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी विजय जांगिड़ उपस्थित रहेंगे। साथ ही जिले के समस्त विधायक/पूर्व विधायक, पीसीसी सदस्य, त्रि-स्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय के निर्वाचित वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं विशाल संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सेवा संकल्प अभियान के सेवा सेतु शिविर में शामिल हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसरंगी में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने स्टॉल में उपलब्ध सामग्री एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा उपस्थित अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और आम नागरिकों तक उनके लाभ पहुंचाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नागरिकों को पात्रतानुसार शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि 2 से 8 अक्टूबर तक दान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिविर में 3 लोगों ने देहदान की घोषणा की। इस पुण्य सेवा के लिए उन्हें शॉल, श्रीफल एवं गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित



किया गया।इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे विकास कार्यों को रेखांकित किया। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों की उपलब्धि को बताया और कहा कि हमारी सरकार विकास में पीछे नहीं रहेगी। उन्होंने अनुसंधान के क्षेत्र में देहदान का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज में सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने देहदान का संकल्प लेने वाले व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह निर्णय समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा।

यह रहे उपस्थित

शिविर में जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य निधि चंद्राकर, विजय लक्ष्मी जांगड़े, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, मंडल महामंत्री माखन सिन्हा, भाजपा नेता श्याम साकरकर, संदीप घोष, गोविंद ठाकुर, रामेश्वर पटवा, चुनेश्वरी साहू सहित आमजन उपस्थित थे।

दान उत्सव के संबंध में कहा कि भारतीय संस्कृति में दान और सेवा की परंपरा सदियों पुरानी है। देहदान मानवता की सेवा का ऐसा कार्य है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन के बाद भी समाज के लिए उपयोगी योगदान दे सकता है। चिकित्सा शिक्षा और



खबर संक्षेप



राटापाली में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

नर्रा। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत राटापाली में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का शुभारंभ गांव के वरिष्ठ नागरिक ग्राम प्रमुख जगदीश पटेल की अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वृद्धजन दिवस भी मनाया। वृद्धजनों को पंचायत प्रतिनिधियों में सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी एवं पंचों द्वारा श्रीफल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगदीश पटेल, लखन पटेल, सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी, सचिव घनश्याम दीवान सहित पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



शहीद स्मारक में की गई साफ-सफाई

महासमुंद। 04 अक्टूबर को शहीद स्मारक खरोरा में साफ सफाई की गई। 9 अक्टूबर को ग्राम झालखम्हरिया के स्कूल परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें पूर्व सैनिक सेवा संघ जिला महासमुंद सभी सदस्य शामिल होगे। 10 अक्टूबर को ग्राम झालखम्हरिया में पूर्व सैनिक सेवा संघ जिला महासमुंद और मनोरमा इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में मेडिकल कैंप आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से संध्या 04 बजे तक चलेगा।

शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष ने की उद्यानिकी योजनाओं की समीक्षा

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र नायक की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष महासमुंद में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यानिकी योजनाओं की प्रगति, किसानों को मिल रहे लाभ तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के सदस्य प्रेमलाल पटेल, बसंत पटेल एवं संतोष पटेल, मरार पटेल समाज प्रमुख रामेश्वर पटेल, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पवन पटेल, सहकारी समिति सरायपाली के अध्यक्ष अनंत राम पटेल, उन्नत कृषक कृष्ण कुमार पटेल सहित उद्यानिकी किसान, जिले में पदस्थ उद्यानिकी एवं कृषि विभाग के अधिकारी, अम्मा पॉम प्लांटेशन प्रा.लि. के प्रतिनिधि तथा फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अंतर्गत राज्य पोषित योजना के तहत समेकित उद्यानिकी विकास कार्ययोजना की जानकारी दी गई।

बेहतर वातावरण: आदिवासी कन्या आश्रम पिरदा की व्यवस्थाओं में सुधार

शिक्षा और अनुशासन से सशक्त हो रहीं आदिवासी आश्रम की बालिकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले के विकासखंड पिथौरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित आदिवासी कन्या आश्रम पिरदा प्राथमिक स्तर की बालिकाओं के लिए आवासीय संस्था है। जहां लगातार किए गए प्रयासों और कर्मचारियों की सहभागिता से आश्रम की व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया जा रहा है।

आश्रम में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई थी। उपलब्ध संसाधनों से वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती रही। इसी बीच मार्च 2026 की शुरुआत में नवीन बोर खनन होने से आश्रम की सबसे बड़ी समस्या का समाधान हो गया। पानी की उपलब्धता बढ़ने से साफ-सफाई, बागवानी, किचन गार्डन और वृक्षारोपण जैसे कार्यों को भी गति मिली। कर्मचारियों के सहयोग से बालिकाओं को प्रकृति से जोड़ते हुए बागवानी और किचन गार्डन के लिए प्रेरित किया गया, जिससे उनमें जिम्मेदारी और स्वावलंबन की भावना भी विकसित हो रही है।

आश्रम में बालिकाओं को बेहतर और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके रहन-सहन, व्यक्तिगत स्वच्छता और परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नियमित दिनचर्या विकसित करने के साथ बालिकाओं को अपने कमरे, सामान और आसपास के स्थान की स्वयं देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इन प्रयासों से छात्राओं में अनुशासन, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की आदत विकसित हो रही है। बालिकाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद को भी दिनचर्या का हिस्सा बनाया गया है। छात्राएं खो-खो, कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेती हैं। आश्रम में उपलब्ध शतरंज, लूडो, सांप-सीढ़ी, कैरम और बैडमिंटन जैसे खेलों के साथ पारंपरिक खेलों गोटी, पिट्ठुल, बिल्लस और फुगड़ी में भी बालिकाएं पूरे उत्साह से शामिल होती हैं। खेलों के माध्यम से उनमें टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

आश्रम में बालिकाओं की सुबह योगाभ्यास और प्रार्थना से शुरू होती है। इसके बाद विद्यालयीन समय में शिक्षक उन्हें पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा के साथ ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करते हैं। शाम के समय अधीक्षिका और कर्मचारियों के सानिध्य में बालिकाओं के साथ प्रेरणादायी कहानियों एवं उपयोगी विषयों पर संवाद किया जाता है। इससे उनमें अच्छे संस्कारों के साथ अपने लक्ष्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। बालिकाओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली जैसी गतिविधियों के माध्यम से उनकी कला और सृजनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस तरह आश्रम में शिक्षा के साथ खेल, योग, कला, संस्कार और व्यवहारिक जीवन-कौशल को भी बालिकाओं की दिनचर्या का हिस्सा बनाया गया है।

श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया बेटा दूज पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

पुत्र की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं स्वस्थ जीवन की कामना के लिए महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला पारंपरिक बेटा दूज व्रत 03 अक्टूबर को सतपथी बाड़ा में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ हुआ।

प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार मोहल्ले सहित आसपास के क्षेत्रों की महिलाएं एकत्रित हुईं और विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ बेटा दूज की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने अपने पुत्रों की दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए व्रत रखा तथा पूजा के पश्चात बेटा दूज की कथा का श्रवण किया। बेटा दूज की कथा एवं पूजा के आयोजन में आसपास के घरों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और पारिवारिक परंपरा का सुंदर वातावरण देखने को मिला। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाया। आयोजकों ने बताया कि बेटा दूज केवल एक धार्मिक व्रत ही नहीं, बल्कि माताओं के अपने पुत्रों के प्रति स्नेह, आशीर्वाद और मंगलकामना की अभिव्यक्ति का पर्व भी है। इस अवसर पर सभी ने परिवार एवं समाज की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस पारंपरिक आयोजन ने आपसी प्रेम, श्रद्धा और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

चिलचिलाती धूप और अलसुबह ठंडक मानसून की विदाई के संकेत, मौसमी बीमारियों की चपेट में ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

क्वांर व अक्टूबर माह में इन दिनों दिन और रात के तापमान में आ रहे अचानक बदलाव से क्षेत्र में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। दिन में तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है। वहीं अलसुबह और देर रात में ओस व हल्की ठंडक महसूस होने लगी है।

मौसम में आ रहे इस बदलाव को ग्रामीण मानसून की विदाई और गुलाबी ठंड की दस्तक के रूप में देख रहे हैं। हालांकि, इस बदलते मौसम का सीधा असर जनजीवन और स्वास्थ्य पर देखने को मिल रहा है। दिन में तेज गर्मी और रात में ठंडक के कारण ग्रामीण अंचलों में सर्दी, खांसी, जुकाम और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा इन दिनों मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की कतारें दवा खाना में लग रही हैं। सबसे बच्चों और बुजुर्गों पर मौसमी बीमारियों का ज्यादा असर पड़ रहा है।

कुम्हारीमुड़ा में रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुम्हारीमुड़ा में आयोजित भव्य रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता में जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी कला एवं प्रतिभा की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश्वरी संजय बरिहा सरपंच कुम्हारीमुड़ा ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुरेंद्र सिंह सोनवानी, तुलाराम ध्रुव कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज महासमुंद, अवध राम साहू, मदन सिंह ध्रुव, अध्यक्ष कोड़ियां परिक्षेत्र 1, रमेश कुमार साहू साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष कौड़ियां, गायत्री बरिहा, मौसमी साहू, दूज लाल यादव, पान सिंह सोनवानी, नीलम साहू, उदेराम नायक, माया राम ठाकुर, पुरुषोत्तम ठाकुर, रामलाल ठाकुर, ओम प्रकाश ध्रुव, पवन ठाकुर, महारथी साहू, हीरा साहू सहित ग्रामीणजन एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा मैं कोई नेता नहीं हूं, आपका बेटा हूं और आप सभी से भेंट-मुलाकात करने आया हूं। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत@2047 के संकल्प एवं विजन को साकार करने में हम सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने मातृ शक्ति एवं युवा शक्ति को जय जोहार करते हुए मातृ शक्ति को प्रणाम किया तथा मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं ग्रामीणजनों का अभिवादन किया। रक्षाबंधन पर राष्ट्रपति से रक्षा सूत्र बंधवाने वाले जयंत बरिहा पिता संजय बरिहा को मंच के माध्यम से शाल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तुलाराम ध्रुव ने छत्तीसगढ़ के देवी-देवताओं के जयकारे लगाते हुए सभा को संबोधित किया। रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर कल शिक्षक की बहुआयामी पहल, शिक्षा से विज्ञान और शतरंज से संगीत तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



विकासखंड के एक छोटे से गांव कसहीबाहरा की सरकारी शाला आज नवाचार की पहचान बन चुकी है और इसके पीछे हैं नवाचारी शिक्षक हेमंत खुटे की दो दशक से ज्यादा की तपस्या। उनका मानना है कि शिक्षक का काम सिर्फ किताब पढ़ाना नहीं, बल्कि बच्चे के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उसे तराशना है। इसी सोच ने जन्म दिया कई पाठशालाओं को, जो किताबों से बाहर की दुनिया सिखाती हैं। एक शिक्षक चाहे तो चॉक-डस्टर तक सीमित रह सकता है और चाहे तो पूरी पीढ़ी की सोच बदल सकता है। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के शिक्षक हेमंत खुटे ने दूसरा रास्ता चुना है। उनके लिए स्कूल सिर्फ सिलेबस पूरा करने की जगह नहीं, बल्कि बच्चों के हुनर, हौसले और व्यक्तित्व को तराशने की कार्यशाला है। संडे की पाठशाला, शतरंज की पाठशाला और हौसले की पाठशाला के सफल प्रयोगों के बाद अब उनकी 'सफलता की पाठशाला' ग्रामीण बच्चों के सपनों को नई उड़ान दे रही है।

आंगनबाड़ी में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सेवा अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-3 लाफिनखुर्द में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच जानकी साहू, भागीरथी साहू, भारत साहू प्राचार्य, राधेश्याम सोनी, शंकर कन्नौजे पंच, रेखराज साहू, तेजप्रताप ध्रुव सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग से जुड़े कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं को पोषण थाली देना व स्वस्थ बच्चा पुरस्कार आदि विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं तथा उन्हें नियमित रूप से आंगनबाड़ी आने और उपलब्ध पोषण आहार का सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उत्तम साहू, शैल सोनवानी, सुशीला साहू, सहायिका नीरजा साहू, मितानिन प्रभासाहु, सुशीला मानिकपुरी, मानकी निषाद आदि मौजूद रहे। संचालन शैल सोनवानी एवं आभार उत्तम साहू ने किया।

विभागीय वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला में छात्र-छात्राओं का रहा प्रदर्शन उत्कृष्ट

महासमुंद। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित विभागीय वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला राजिम विभाग 2026-27 में स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि के



छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। प्रतियोगिता बाल वर्ग से शुभम महानंद प्रथम व किशोर वर्ग पत्र वाचन में यामिनी साहू प्रथम रहे। इसी प्रकार गणित मॉडल बाल वर्ग से चंद्रकांत साहू द्वितीय, तरुण वर्ग से भावना ध्रुव द्वितीय, वैदिक गणित प्रश्न मंच किशोर वर्ग से धनंजय सिन्हा, अमन कुमार निषाद, खुमेश साहू प्रथम, वैदिक गणित प्रश्न मंच तरुण वर्ग से नीलिमा चक्रधारी, अक्षत जलछत्री, गीतांजली साहू द्वितीय, गणित प्रयोग किशोर वर्ग से डिंपल साहू द्वितीय, तरुण वर्ग से लक्ष्मीकांत चौधरी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभागीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त होने के आधार पर इन छात्र-छात्राओं का चयन प्रांतीय विज्ञान मेला एवं गणित मेला के लिए हुआ है। उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले इन सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के संरक्षक मोहन चोपड़ा, अध्यक्ष राजेश लूनिया, उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, सचिव घनश्याम सोनी, सहसचिव गोवर्धन प्रधान, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, सदस्य महेश चंद्राकर, धर्मेंद्र महोबिया, विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन, वैदिक गणित प्रमुख शिव कुमार कन्नौजे, विज्ञान प्रमुख खोजेंद्र कुमार साहू, आचार्य किरण साहू, अश्वनी साहू, अजीत राम साहू, हेमंत साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजलाल पटेल, लोकेश साहू, वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू, दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, टिकेश्वरी चंद्राकर, तारणी गोस्वामी, किरण सोनी, गुरबारी सोनी, निशा गोस्वामी, उत्तरा सिन्हा, श्वेता साहू, रितु साहू, नारायणी साहू, डॉली साहू आदि ने हर्ष जताया है।

आयुष सेवाओं के विस्तार से जिले में बढ़ा जनविश्वास दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंची स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में आयुष चिकित्सा सेवाओं के विस्तार से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को उनके नजदीक ही आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग आधारित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। जिला आयुष विभाग द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों से आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है और स्वस्थ जीवनशैली तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी जन-जागरूकता मजबूत हुई है।

जिले में 36 आयुष संस्थाओं के माध्यम से नियमित ओपीडी सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को अपने नजदीक ही स्वास्थ्य परामर्श, जांच एवं उपचार तथा निःशुल्क औषधियों की सुविधा उपलब्ध हो रही है। आयुष चिकित्सकों द्वारा उपचार के साथ स्वस्थ जीवनशैली, योग तथा आहार-विहार संबंधी परामर्श भी दिया जा रहा है। वर्ष 2021-22 में 86,279, वर्ष 2022-23 में 1,91,854, वर्ष 2023-24 में 2,02,424, वर्ष 2024-25 में 1,81,307, वर्ष 2025-26 में 1,83,303 तथा वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अगस्त 2026 तक 70,146 लोगों को आयुष सेवाओं का लाभ मिला।

वरिष्ठ नागरिकों की विशेष स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिले में सियान जतन क्लिनिक की शुरुआत की गई। जिले के 36 आयुष संस्थानों में प्रत्येक गुरुवार को 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां सामान्य स्वास्थ्य जांच, प्रकृति परीक्षण, आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथी औषधियों के साथ पंचकर्म सेवाएं भी उपलब्ध कराई



जाती हैं। योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 9,706, वर्ष 2022-23 में 36,972, वर्ष 2023-24 में 41,607, वर्ष 2024-25 में 36,452, वर्ष 2025-26 में 34,502 तथा अप्रैल से अगस्त 2026 तक 11,761 वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिला। आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में नियमित रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में आयुर्वेद, योग, यूनानी एवं होम्योपैथी विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण किया गया। "रन फॉर आयुर्वेद" जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें लगभग 500 लोगों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों एवं युवाओं के बीच प्रकृति परीक्षण तथा स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर आयुष को उपचार के साथ-साथ निवारक स्वास्थ्य सेवाओं और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ा गया।

जिले के 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नियमित योग गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नियमित योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों से लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ी है तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित हुई है। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय में 02 स्थानों पर भी नियमित योग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिले के आयुष विंग में पंचकर्म चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को स्थानीय स्तर पर आयुर्वेद की विशिष्ट चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल रहा है। चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार पंचकर्म की विभिन्न प्रक्रियाएं संचालित की जा रही हैं। इससे जिले के नागरिकों को विशेष आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम हुई है।

